पंजाब केसरी 27/08/2025



हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही देखने गए जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी।

# विधानसभा सत्र का अवलोकन कर विद्यार्थियों ने ली प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी

अम्बाला, 26 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने हरियाणा विधानसभा का दौरा कर सदन चल रहे सत्र की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को विधायी प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी देना और कक्षा में प्राप्त ज्ञान को वास्तविक अनुभव से जोड़ना था।

सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने प्रश्नकाल और राज्य से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर हुई बहस को गंभीरता से देखा। उन्होंने संसदीय कार्यप्रणाली, विधायी चर्चा और निर्वाचित प्रतिनिधियों की नीति निर्माण में भूमिका को करीब से समझा। छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए विभाग की ओर से डा. के.के. पुनिया और डा. सरोज उनके साथ रहे। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अंतिम वर्ष की एक छात्रा ने कहा कि यह उनके लिए बेहद प्रेरणादायक अनुभव था।

पाठ्यपुस्तकों से इतर विधायकों को प्रत्यक्ष बहस करते देखना हमारे लोकतंत्र को और गहराई से समझने का अवसर बना। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना की तथा छात्रों के लिए ऐसे और शैक्षणिक अनुभव आयोजित करने पर बल दिया, ताकि सिद्धांत और व्यवहार के बीच की दूरी को कम किया जा सके।